राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–240/2024

राज्यपाल ने डॉ० मृदुला सिन्हा की प्रतिमा का अनावरण किया

पटना, 18 नवम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने लंगट सिंह महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर स्थित बाल उद्यान में गोवा की पूर्व राज्यपाल पद्मश्री डॉ० मृदुला सिन्हा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के जे०बी० कृपलानी सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ० मृदुला सिन्हा एक सुप्रसिद्ध साहित्यकार थीं और साहित्य जगत में उनका प्रमुख स्थान था। उन्होंने हिन्दी भाषा के उत्थान के लिए काफी प्रयास किया तथा बिहार की लोक संस्कृति को साहित्य के माध्यम से लोगों के सामने लाया।

उन्होंने गोवा के राज्यपाल के रूप में डॉ० मृदुला सिन्हा से जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि उन्होंने उन्हें मंत्री पद की शपथ दिलायी थी तथा हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहती थीं। उन्होंने उन्हें मातृवत स्नेह दिया था। डॉ० सिन्हा का स्वभाव काफी सहज और सरल था और कोई भी व्यक्ति उनसे मिलकर अपनी बात कह सकता था। वे लोगों से मिलकर उनकी समस्याएँ पूछती थीं और उनके समाधान के लिए प्रयास करती थीं। वे महिला संगठनों को भी राजभवन में बुलाती थीं। उन्होंने गोवा के लगभग सभी स्थलों का भ्रमण किया। डॉ० मृदुला सिन्हा अपने पूर्व के गोवा के राज्यपालों से बिल्कुल अलग थीं। राज्यपाल के रूप में उनका कार्यकाल गोवावासियों के लिए स्वर्ण काल के समान था।

राज्यपाल ने कहा कि डॉ० मृदुला सिन्हा ने गोवा और वहाँ की लोक संस्कृति को समझने का प्रयास किया तथा उन्हें अपने साहित्य में प्रमुख स्थान दिया। उन्होंने बिहार के चित्र को भी गोवावासियों के समक्ष प्रस्तुत किया। डॉ० सिन्हा का नाम साहित्य जगत में हमेशा अमर रहेगा।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने 'पाँचवाँ स्तंभ' नामक पत्रिका का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की मंत्री श्रीमती रेणु देवी, नगर विकास एवं आवास विभाग के पूर्व मंत्री श्री सुरेश कुमार शर्मा, बी०आर०ए० बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति प्रो० डी०सी० राय, लंगट सिंह महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर के प्राचार्य डॉ० ओम प्रकाश राय, बी०आर०ए० बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के भौतिकी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो० तारण राय, स्वर्गीया मृदुला सिन्हा के सुपुत्र श्री नवीन सिन्हा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....